# पायलट ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना में लिया जाएगा आइआइटी का सहयोग

**राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ:** इन्वेस्ट यूपी की टीम अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को विस्तार देने के लिए जापान में विशेष प्रयास कर रही है। इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी के नेतृत्व में उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने जापान में रेनेसास इलेक्ट्रानिक्स, मारुबेनी कारपोरेशन, सुजुकी मोटर कारपोरेशन, शिमिजु कारपोरेशन व यमानाशी प्रीफेक्चरल गवर्नमेंट के साथ बैठकें कीं।

यमानाशी प्रीफेक्चरल गवर्नमेंट के अधिकारियों के साथ बैठक में उन्नत ग्रीन हाइड्रोजन तकनीकों पर चर्चा की गई। खासकर यामानाशी माडल पी-2-जी सिस्टम का प्रस्तुतीकरण किया गया। दोनों पक्षों ने उप्र में पायलट ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना पर चर्चा की, जिसमें आइआइटी कानपुर व आइआइटी बीएचयू की भी विशेषज्ञता का उपयोग करने पर सहमति बनी।

**पूरी खबर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें**